तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

12 सुशासन तिहार: जनसमस्या निवारण शिविर में उमड़ा ...


10 तालाबों के आसपास के हटेंगे कब्जे, महापौर ...




## खबर संक्षेप

### तलवार से माता पिता पर हमला, मामला दर्ज




**बालोद।** परिवारिक शादी में घर आए युवक ने नशे के हालत में पूजा घर में रखे तलवार से माता पिता पर हमला कर दिया। जिससे माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमरूवा निवासी प्रमोद देवांगन ईट भट्ठा में कार्य से ग्राम औराभाठा में अपने परिवार सहित रहता था तथा परिवारिक शादी कार्यक्रम में शामिल होने अपने मूल निवास जहां उसके माता पिता रहते है ग्राम जमरूवा आया हुआ था। इसी दौरान सोमवार रात को युवक ने नशे के हालत में घर में पूजा स्थल में रखे तलवार से नशे के हालत में अपने पिता गणेश देवांगन और मां कुमारी बाई देवांगन पर हमला कर दिया तथा माता पिता पर हमला करने के बाद आरोपी स्वयं बेहोश हो गया। जिसकी जानकारी ग्रामीणो को होने के बाद आस पास के लोगो ने तीनो को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि घायल दंपती को बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव रेफर किया गया। युवक द्वारा इस तरह का कदम क्यो उठाया गया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### वाहनों की जांच और चालानी कार्रवाई तेज


फाइल : फोटो

**बालोद।** परिवहन विभाग के अंतर्गत दुर्ग उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि उड़नदस्ता दल दुर्ग के द्वारा दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वालों जिलों में मोटर यान अधिनियम 1988 के धाराओं के तहत वाहनों के निरीक्षण कार्य एवं चालानी की कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि वाहनों के जांच के दौरान सभी अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा निर्धारित वर्दी धारण करने के साथ–साथ शासकीय वाहनों का ही उपयोग किया जाता है। उड़नदस्ता दल के प्रभारी ने बताया कि परिवहन मुख्यालय द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा निष्ठापूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं एवं सफलतापूर्वक लक्ष्य प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने उड़नदस्ता में पदस्थ सभी अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा लोक सेवकों से अपेक्षित उच्च नैतिक मूल्य का पालन करते हुए कार्रवाई करने की जानकारी दी।

## मौसम

### तेज हवाओं और बारिश से बाजारों को नुकसान, बिजली आपूर्ति बाधित, गर्मी से मिली राहत

# आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, बारिश के साथ गिरे ओले, कई इलाकों में बिजली ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी-तूफान ने व्यापक तबाही मचा दी। शाम लगभग 5 बजे शुरू हुई तेज हवाओं ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इसके साथ हुई मूसलाधार बारिश और कई स्थानों पर गिरे ओलों ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गए। सड़कों पर गिरे पेड़ों के कारण आवागमन बाधित हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बिजली व्यवस्था को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक नुकसान वनांचल क्षेत्रों में होने की जानकारी मिल रही है, तथा बिजली के खंभे गिरने और तार टूटने की खबरें सामने आई हैं।

बिजली तारों के क्षतिग्रस्त होने के कारण डौंडीलोहारा नगर सहित आसपास के कई गांवों में अंधेरा छा गया। समाचार लिखे जाने तक अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी, जिससे लोगों को रात भर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के इस मौसम में बिजली गुल होने से हालात और भी कठिन हो गए। अचानक बदले मौसम से बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। किसानों को भी ओलावृष्टि के कारण सब्जियों को नुकसान होने की आशंका सताने लगी है। बिजली विभाग की टीमें क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। इस मौसम ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि प्राकृतिक आपदाएं कितनी तेजी से जनजीवन को प्रभावित कर सकती हैं। फिलहाल बारिश के चलते मौसम खुशनुमा हो गया है।





## दल्लीराजहरा में अचानक आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**दल्लीराजहरा।** मंगलवार की संध्या लगभग 6 बजे अचानक बदले मौसम ने पूरे नगर को अपनी चपेट में ले लिया। तेज आंधी-तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश ने जहां एक ओर भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाई, वहीं दूसरी ओर नगर का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कुछ ही मिनटों में आसमान काले बादलों से घिर गया और तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी।



तेज हवा का असर सबसे ज्यादा बाजार और मुख्य मार्गों पर देखने को मिला। कई दुकानों के सामने लगे टीन शेड और साइडिंग तेज झोंकों में उड़ गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। अचानक आए इस तूफान के कारण लोग अपनी-अपनी दुकानों और घरों में सुरक्षित स्थान ढूंढते नजर आए। सड़क पर चल रहे राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दल्लीराजहरा नगर के विभिन्न हिस्सों से पेड़ गिरने की खबरें भी सामने आईं। कई जगहों पर पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कुछ स्थानों पर खड़े वाहन भी पेड़ों की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को अंधेरे और गर्मी दोनों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की टीमों द्वारा हालात सामान्य करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। अचानक आए इस मौसम परिवर्तन से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए, वहीं बच्चे और बुजुर्ग घरों में ही दुबके रहे। हालांकि इस बारिश ने तपती गर्मी से राहत जरूर दी और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने कुछ हद तक सुकून महसूस किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यकतानुसार राहत एवं व्यवस्था बहाल करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। फिलहाल नगर में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है, लेकिन इस बेमौसम आंधी-तूफान ने लोगों को अचानक मौसम के बदलते मिजाज का एहसास जरूर करा दिया।

# कांस्टेबल ने पुलिस कॉलोनी मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

अपने पत्नी व बच्चे के शादी समारोह में जाने के बाद जिले मे पदस्थ कांस्टेबल ने पुलिस कॉलोनी के अपने मकान में फांसी लगा ली।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम हथौद सुरेगांव निवासी 35 वषऍय लीवन भुआर्य के रूप में हुई है। जो पुलिस लाइन बालोद में पदस्थ था। बताया जा रहा है कि वह करीब चार महीने पहले ही जिला अस्पताल के सामने स्थित पुलिस कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहने आया था।

कोतवाली पुलिस के अनुसार घटना के समय कांस्टेबल की पत्नी और बच्चे एक शादी समारोह में गए हुए थे, जबकि वह घर पर अकेला था। गुरुवार सुबह नाइट ड्यूटी से लौटने के बाद वह अपने क्वार्टर में था। उस दौरान पत्नी ने कई फोन किया, पर काफी देर तक उसने पत्नी का फोन रिसीव नहीं किया। इस पर पत्नी ने पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने पुलिस लाइन में खेल रहे बच्चों को कांस्टेबल को आवाज देने के लिए उसके घर भेजा। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। तब बच्चों ने दरवाजे में बने छेद से अंदर देखा, तो कांस्टेबल को फांसी के फंदे पर लटका पाया। यह देखकर वे घबरा गए और तुरंत आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही बालोद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल के मर्च्युरी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

कांस्टेबल द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# ट्रांसफॉर्मर में आग, बिजली कर्मियों की तत्परता से टला बड़ा हादसा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 18 स्थित देवांगन भवन के पास मोंगरा दफाई में लगे ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की इस घटना के चलते नगर में लगभग एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बिना समय गंवाए हालात को नियंत्रण में लेने का कार्य शुरू किया। विषम परिस्थितियों के बावजूद विद्युत कर्मियों ने साहस, सूझबूझ और तेज़ी के साथ आग पर काबू पाया। उनकी मुस्तैदी के चलते एक संभावित बड़ा हादसा टल गया और किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ।

स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की। लोगों का कहना है कि समय पर पहुंचकर जिस तरह से कर्मियों ने हालात संभाले, वह काबिले-तारीफ है और इससे आमजन में भरोसा और मजबूत हुआ है।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि संकट की घड़ी में समर्पित और सजग टीम किस तरह बड़े खतरे को टाल सकती है। दल्लीराजहरा में विद्युत कर्मियों की इस बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा ने पूरे शहर का दिल जीत लिया है।

विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सुचारू बिजली आपूर्ति विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर परिस्थिति में टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य करती रहेगी और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण लगातार किया जाता रहेगा।

# मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

■ फुण्डा-बोरगहन के बीच दो बाइकों की जोरदार टक्कर

मंगलवार को गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम फुण्डा बोरगहन के बीच दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में दो वृद्ध सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए, जिसे राहगीरों की मदद व संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां घायलों की गंभीर चोंटे व स्थिति को देखते हुए वहां से रिफर कर घायलों के परिजनों ने भिलाई स्थित प्राइवेट अस्पताल में भतऍ कराया गया। जहां ईलाज के दौरान घायल वृद्ध महिला की मौत होने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

सूत्रें से मिली जानकारी के अनुसार घटना 5 मई मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे की बताई जा रही है। जहां ग्राम खुटेरी अचौद निवासी चुनू राम साहू उम्र लगभग 65 वषऍय ने अपनी पत्नी रुपा साहू को ईलाज हेतु अपने मोटरसाइकिल एक्स्ल पावर से ग्राम बोरगहन चौंक स्थित डाक्टर के पास लाया था जहां से ईलाज करवाने के बाद दोनों वृद्ध दंपति घर वापस जाते समय दवाई खरीदने के लिए वहीं नजदीक के मेडिकल स्टोर्स में जा रहे थे कि पिछे से आ रही तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक सवार ने इन दोनों को मोटरसाइकिल संहित जोरदार ठोकर मार दी। बाइक की जबरदस्त टक्कर से वृद्ध दंपति अपनी मोटरसाइकिल समेत सड़क में घसीटते हुए 15–20 फीट की दूरी पर जा गिरी, वहीं बाइक सवार भी बाइक सहित सड़क पर गिर गया।

इस घटना में पावर एक्स्ल सवार वृद्ध दंपति की पैर हाथ व कमर पर गंभीर चोंटे आई है साथ ही बाइक चालक के मुंह व जबड़े पर गंभीर चोंटे लगी है। जानकारी के मुताबिक बाईक चालक दुर्ग निवासी आकाश साहू जो कि अपने मामा के घर सियनमरा गया था। जहां से अपने घर वापस जाते समय यह हादसा हुआ।

### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

# टाउनशिप में अवैध भारी वाहन पार्किंग पर सख्ती की मांग, सुशासन तिहार शिविर में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा से जुड़ा एक अहम मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन (सीटू) के संगठन सचिव प्रकाश क्षत्रिय ने कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपते हुए बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग और अनियंत्रित आवाजाही पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि बीएसपी टाउनशिप, थाना चौक से माइंस कार्यालय राजहरा, एमवीटी




रोड, दल्ली माइंस और झरनदल्ली जाने वाले मार्गों पर बड़ी संख्या में भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि ड्यूटी पर आने-जाने वाले श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। यूनियन की ओर से यह भी उल्लेख किया गया कि इस समस्या को पहले भी कई बार बीएसपी माइंस प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। लगातार बढ़ती इस अव्यवस्था से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है, जिससे श्रमिकों में चिंता का माहौल है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि टाउनशिप क्षेत्र में अवैध पार्किंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

साथ ही ड्यूटी समय में भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश लागू किए जाएं।इस पहल को शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर पालिका परिषद राजहरा, एसडीएम राजहरा तथा मुख्य महाप्रबंधक (खदान), आईओसी राजहरा को भी प्रेषित की गई है।

## एनएच-930 पर कच्चे लोहे से भरा ट्रक पलटा...



**बालोद।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग एनएच 930 डीएफओ बंगले के सामने कच्चे लोहे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। उस समय वहां मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग भी मौजूद थे, लेकिन राहत की बात है कि कोई बड़ा बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ट्रक में सवार ड्राइवर सहित तीन लोगों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, इस हादसे में ड्राइवर के साथ दो हेल्पर घायल हुए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। वही ट्रक से गिरे कच्चे लोहे को दूसरे वाहन में शिफ्ट किया गया। इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकाला गया।

**खबर संक्षेप**



### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के महासचिव डॉ. राजेन्द्र गवई राष्ट्रीय की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष रामराव गोपालराव ढोक ने आरपीआई (गवई) छत्तीसगढ़ पार्टी सदस्यों को उनको पदों पर मनोनीत किया। इसमें प्रभु मोतीराम वासनिक उपाध्यक्ष, सितेन्द्र गजभिये उपाध्यक्ष, राजेश वासनिक महासचिव, राजेश लोनारे महासचिव, गोकुल प्रसाद बन्सोड सचिव एवं कनिपनाथ वासनिक नियुक्त किए गए। इस प्रकार आरपीआई (गवई) छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के नामों को मनोनीत कर घोषणा की गई। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश आरपीआई (गवई) अध्यक्ष रामराव गोपालराव ढोक ने दी।

### भिलाई-चरोदा व पाटन में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 मई को विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 6 के सामुदायिक भवन उमदा में वार्ड 1 से 6 तक के वार्डवासी जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे। शिविर आयोजन हेतु नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सहायक अभियंता हेमंत साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पंचायत पाटन में वार्ड 9 स्थित नगर पंचायत पाटन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में वार्ड 3, 8, 9, 10, 11, 12 के वार्डवासी भाग लेंगे। नोडल अधिकारी मु.न.पा.अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू होंगे।

### चीचा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनपद पंचायत धमधा के ग्राम चीचा में 6 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में भाठाकोकड़ी, मुडपार, डोड़की, देउरकोना, चीचा, अरसी, सुखरीकला, लिटिया, पुरदा, गाडाडीह, करेली, सेमरिया लि., जोगीगुफा, हसदा, चिखला, बिरेझर, खर्रा, रौता, टेमरी, फुण्डा, सिलतरा, नवागांव (पु), पथरिया (डो), डोमा, पोटिया (से.), सेवती, हिर्री, मड़ियापार, परसदापार ग्राम शामिल है। शिविर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी जनपद पंचायत धमधा मु.का.अधिकारी किरण कुमार कौशिक को नियुक्त किया गया है।

### सुशासन तिहार : 7 को वार्ड 60 में विशेष शिविर

**दुर्ग।** सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 मई तक क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। 7 मई को शासकीय प्राथमिक शाला, कतुलबोर्ड, वार्ड 60 में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें 14 से 24, 47, 58, 59 एवं 60 वार्ड के नागरिक अपनी समस्याएं रख सकते हैं। शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन योजना आदि समस्याओं के निराकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# तालाबों के आसपास के हटेंगे कब्जे, महापौर बाघमार ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक जलस्त्रोतों में शामिल डोंगिया बांधा तालाब में व्याप्त जलकुंभी को हटाने निगम ने अभियान की शुरुआत की गई है। इस दौरान वार्ड 2 और 4 का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, शेखर चन्द्राकर, पार्षद गोविंद देवांगन, पार्षद रंजिता पाटिल, ममता देवांगन, मंडल महामंत्री नवीन साहू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। तालाब में फैली जलकुंभी की समस्या को लेकर एमआईसी सदस्य लीना देवांगन एवं पार्षद गोविंद देवांगन लगातार मांग कर रहे थे। इसके बाद यह सफाई शुरू कराई गई। निगम द्वारा पिछले एक सप्ताह से मशीनों के माध्यम से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने तालाब के निकास क्षेत्र, विशेषकर नया पारा स्थित साहू सदन के पास की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। यहां पर हुए अवैध कब्जों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बरसात के दौरान तालाब के ओवरफ्लो होने पर इन अवरोधों के कारण पानी की निकासी बाधित होती है।

**खाई तालाब का किया निरीक्षण, अभियान चलाकर हटाई जा रही जलकुंभी**



### हत्यारा खाई तालाब के आसपास के कब्जा हटाने के निर्देश

इसके अलावा महापौर ने राजीव नगर स्थित हत्यारा खाई तालाब का भी निरीक्षण किया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवैध निर्माण हटाने और जल निकासी व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। महापौर बाघमार ने कहा कि डोंगिया बांधा तालाब शहर के जल प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबाई में फैला यह एल-आकार का तालाब गया नगर (वार्ड 4), राजीव नगर (वार्ड 2) से होते हुए बघेरा (वार्ड 56) तक विस्तारित है। इस तालाब में गिरधारी नाला सहित 15 से अधिक वार्डों का पानी आकर मिलता है, जिससे इसकी नियमित सफाई एवं संरक्षण आवश्यक हो जाता है।

## महापौर परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

# जून तक संपत्तिकर जमा किया तो मिलेगी 6% की छूट, पुराने प्रशासनिक भवन की दुकानें निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की महापौर परिषद की बैठक सोमवार को डाटा सेंटर में हुई। बैठक में संपत्तिकर में छूट पर चर्चा हुई। इसके बाद वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत, जुलाई से सितंबर तक 4 प्रतिशत और अक्टूबर से दिसंबर तक 2 प्रतिशत की छूट देने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं जनवरी से मार्च के बीच कोई छूट नहीं दी जाएगी। 1 अप्रैल से अधिभार वसूला जाएगा। एमआईसी ने इस निर्णय पर सहमति दे दी। इसके अलावा बैठक में तहसील कार्यालय के सामने जर्जर पुराने प्रशासनिक भवन में संचालित दुकानों का आवंटन निरस्त करने का प्रस्ताव लाया गया, जिस पर सहमति दी गई। निगम ने तय किया है कि इस जगह पर नया निर्माण किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में अब भी 10 से ज्यादा दुकानें संचालित हो रही हैं। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में शाम 4 बजे डाटा सेंटर में यह बैठक शुरू हुई। बैठक में निर्माण कार्यों, शहर सौंदर्यीकरण, सड़क चौड़ीकरण, कर व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े कई अहम एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा उपरांत अनेक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शिव नायक, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मो.सलीम सिद्दीकी, गिरीश दीवान, दुर्गेश गुप्ता, सुरेश केवलानी, रेवाराम मनु,अभ्दय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

**धमधा नाका से आदित्य नगर होकर रायपुर नाका के लिए बनेगी सड़क**



### व्यर्थ बह रहे सार्वजनिक नलों में लगेंगी टोटियां, दिए निर्देश

बैठक में महापौर ने मंगाए गए 10 बिंदुओं पर विभागीय जानकारी प्रस्तुत की गई और संबंधित विषयों पर सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। नलघर व्यावसायिक परिसर की 13वीं निविदा पर भी चर्चा हुई। निविदाकारों में गणेश्वरी पटेल, सौरभ पटेल, राघवेंद्र वर्मा, रूप सिंह वर्मा, रिचा अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल शामिल रहे।ऑफर दर ऑफसेट मूल्य से अधिक होने के कारण इस विषय को भी अगले एमआईसी में निर्णय हेतु रखा गया है,जिसको स्वीकृति दी गई। मेघगंगा ग्रुप के मनीष पारख द्वारा अग्रसेन चौक तक स्वयं के व्यय से सौंदर्यीकरण कार्य कराने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में भीषण गर्मी में पानी की जरुरत और व्यर्थ बहते पानी को लेकर सार्वजनिक जगहों पर टोटियां लगाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

### राजेंद्र पार्क से शहीद चौक तक नए फोरलेन को लेकर हुई चर्चा

शहर के अधोसंरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर भी बैठक में चर्चा हुई। इनमें नगरोत्थान योजना अंतर्गत धमधा मार्ग से आदित्य नगर होते हुए रायपुर नाका अंडरब्रिज तथा हनुमान नगर से जुनवानी रोड तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य शामिल हैं। करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को किया जाना है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके अलावा राजेंद्र पार्क चौक से शहीद चौक होते हुए अंडरब्रिज तक तथा आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण पर भी चर्चा की गई। अधोसंरचना मद अंतर्गत साइंस कॉलेज के बाजू स्थित केनाल रोड पर जीई रोड से स्टेशन रोड तक केनाल रोड निर्माण कार्य को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

### महिला समृद्धि बाजार की दुकानों को नोटिस

महापौर ने विद्युत एवं जल कार्य विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में कुआं चौक क्षेत्र में यातायात बाधित करने वाले ठेले-खोमचे हटाने और दोबारा अतिक्रमण न होने की सख्त हिदायत दी गई। पुराना बस स्टैंड से कपड़ा मार्केट तक नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया। साथ ही महिला समृद्धि बाजार की दुकान खाली कराने हेतु पुनः नोटिस जारी करने और ओम ज्वेलर्स द्वारा किए गए सड़क अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि भीषण गर्मियों को ध्यान में रखते हुए नागरिक पानी व्यर्थ न बहने दें। अपने घर एवं घर के बाहर लगे नलों में अनिवार्य रूप से टोटी लगवाएं, ताकि पानी की बचत सुनिश्चित हो सके।

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ पूर्व मुख्यमंत्री को संगठन विस्तार की दी जानकारी

कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत शहर कार्यकारिणी, ब्लाक कार्यकारिणी मंडल कार्यकारिणी, बूथ कार्यकारिणी की नियुक्ति की जा रही है। साथ में कांग्रेस के अलग-अलग प्रकोष्ठों में भी लगातार नियुक्ति कर कांग्रेस संगठन का दुर्ग शहर में विस्तृत विस्तार किया जा रहा है। मजदूर दिवस पर सैकड़ों अन्य पार्टी के नेताओं के कांग्रेस प्रवेश दुर्ग में कांग्रेस मजबूत हुई है।

सोमवार को कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों की नियुक्ति पश्चात धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। संगठन की विस्तार की जानकारी दी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक चावड़ा का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों कांग्रेस प्रवेश कराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी नवनियुक्त प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और जल्द ही कार्य करने की नियुक्ति कर संगठन का विस्तार करने का निर्देश दिया। मुलाकात करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रकाश शिवलकर, शंकर ठाकुर, राकेश ठाकुर, दीपक बंसल, शिवाकांत तिवारी, दलजीत सिंह शामिल थे।

### दुर्ग की श्रेष्ठा बनीं राज्य अंडर-7 बालिका शतरंज चैंपियन, मेधांश बने उपविजेता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-7 ओपन एवं बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 2 एवं 3 मई को आयोजित किया गया था जिसमें दुर्ग जिले के नन्हे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। दुर्ग की श्रेष्ठा भारद्वाज ने बालिका वर्ग में 6 में से 5 अंक अर्जित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, वहीं मेधांश सोरी ने अंडर-7 ओपन वर्ग में समान अंक प्राप्त कर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

## महापौर ने कराया मोबाइल मेडिकल यूनिट में चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट बसों के माध्यम से शहर की स्लम बस्तियों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर में आयोजित शिविर का महापौर अलका बाघमार द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं निगम अमले के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने स्वयं अपनी स्वास्थ्य जांच कराकर सेवाओं का अनुभव लिया। स्टाफ द्वारा उनका ब्लड प्रेशर एवं शुगर टेस्ट किया गया। पश्चात उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों से मरीजों को दी जा रही दवाइयों एवं उपचार की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि राज्य शासन की संवेदनशील पहल के चलते आज शहर के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को उनके घर के नजदीक ही निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मरीजों के इलाज के साथ-साथ 41 प्रकार के विभिन्न लैब टेस्ट भी किए जाते हैं। प्रत्येक शिविर में औसतन 75 से अधिक मरीजों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, गोविंद देवांगन, रंजीता पाटिल, ममता देवांगन, मनीष यादव सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

## कांग्रेस में प्रकाश को मिली बड़ी जवाबदारी बनाए गए इंटक के दुर्ग शहर अध्यक्ष



**दुर्ग।** युवा नेता प्रकाश शिवणकर को दुर्ग शहर जिला छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय श्रमिक संघ(इंटक) का अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव रेड्डी एवं राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह की अनुशंसा एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के अनुमोदन पर इंटक के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार साहू द्वारा की गई है। श्री शिवणकर की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। बता दें कि इंटक के नवनियुक्त दुर्ग शहर अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर कांग्रेस के विचारधारा व सिद्धांतो से प्रभावित होकर लंबे समय से पार्टी में योगदान दे रहे है। वे 1987 में एनएसयूआई के सचिव व 1996 में युवक कांग्रेस दुर्ग के उपाध्यक्ष पद को भी सुशोभित कर चुके है। वर्तमान में वे भिलाई स्टील प्लांट रेल मिल के उपाध्यक्ष हैं। सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में लगातार उनकी सक्रियता पहचान है। नियुक्ति पर शिवणकर को मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, पूर्व सभापति राजेश यादव, छाया महापौर प्रेमलता साहू, कल्याण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, अनिल जायसवाल, पूर्व पार्षद नजहत परवीन, राजकुमार वर्मा, अशोक मेहरा, खालिद हुसैन बाबा, संतोष खिरोड़कर, सांई मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र चंदेल, अजय सुरपाम, शिवाकांत तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## कलेक्टर ने लीजेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर जताई नाराजगी, काम पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह पोटियाकला वार्ड क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने लीजेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि पोटियाकला लीजेसी वेस्ट का कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कर अगले 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पोटियाकला एसएलआरएम सेंटर में जमा कबाड़ के निराकरण हेतु ऑनलाइन ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू करने और केंद्र के रुके हुए कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पश्चात इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने निर्माण स्थल के आसपास से ठेले एवं गुमटियों को हटाने, पेड़ों की छंटाई करने और भूमि के समतलीकरण (लेवलिंग) का कार्य जल्द पूरा करने कहा ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

निरीक्षण के दौरान जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सरस्वती नगर एएचपी का भी भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने नालियों की सफाई सुनिश्चित करने और निर्माण सामग्री को सड़कों से हटाने के निर्देश दिए। पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु उन्होंने बोर से सीधे ओवरहेड टैंक में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निर्देश दिए। उन्होंने उरला एसटीपी के संबंध में सीमांकन प्रतिवेदन तत्काल मंगवाने के निर्देश दिए ताकि प्रोजेक्ट की स्थिति स्पष्ट हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को सचेत किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर जनहित के सभी कार्य पूरे होने चाहिए।

**सही दवा-शुद्ध आहार थीम पर सघन जांच अभियान**

# औषधि प्रशासन की मेडिकल और होटलों में जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ आठवें दिन मानसिक बीमारियों से जुड़ी दवा की जांच

राज्य शासन द्वारा 27 से 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किये जाने के लिए प्रत्येक जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का जांच व निरीक्षण किया। जिसमें औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के तृतीय चरण व आठवें दिवस स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों की जांच के तहत जिले में स्थित थोक औषधि विक्रेताओं को चिन्हाकित कर क्रय-विक्रय संबंधित दस्तावेजों की जांच करना शामिल है।

### पिछले 8 दिनों से चलाया जा रहा अभियान

खाद्य शाखा द्वारा जांच अभियान में जिले में संचालित मेसर्स अग्रवाल बेवरेजेस, सुपेला, भिलाई, मेसर्स शिव शक्ति बेवरेजेस, कैलास नगर, भिलाई, अमर बेवरेजेस, कैलास नगर, भिलाई, सरयू बेवरेजेस चिखली, दुर्ग, मेसर्स आर. एस. प्रोडक्ट, नंदनी एवं रूद्र जल एग्रो बेवरेजेस, रसमड़ा का जांच व निरीक्षण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किया गया, जिसमें संचालकों को उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय संचालित किये जाने एवं साथ ही साथ निर्देशित किया गया कि नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



### 8 थोक औषधि विक्रेताओं के दस्तावेजों का किया परीक्षण

जिले में संचालित कुल 8 थोक औषधि विक्रेता मेसर्स नियोलिफ लाईफ साइंसेज, हनुमान नगर दुर्ग, टीएसव्ही एजेंसीज, ईथीराज टॉवर, भिलाई, मेसर्स श्री सिद्ध विनायक फार्मेसी, सिद्ध विनायक अस्पताल परिसर, चंद्रामौर्या टॉकिज के पास, भिलाई एवं मेडिसिन स्क्वेयर, डिपरापारा, स्थित धन्वंतरी एजेंसीज, शांति मेडिकोज, कामदार मेडिकोज, इंडियन मेडिकोज एवं भग्यश्री एजेंसीज दुर्ग का जांच व निरीक्षण किया गया एवं क्रय-विक्रय दस्तावेजों का परीक्षण कर मिलान किया गया फर्म से फुटकर औषधि विक्रेताओं को वितरित स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों का सुक्षमता से निरीक्षण किया गया एवं राज्य के बाहर से खरीदी जाने वाली औषधियों का क्रय-विक्रय दस्तावेज का मिलान किया गया। समस्त फर्मो को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 का कड़ाई से पालन करते हुए फर्म संचालन के निर्देश दिये गए। । भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## समाजों में हो रहे बदलावों और किए जाने वाले सुधारों पर सर्वसमाज ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सामाजिक सद्भाव कार्य टोली चरोदा- भिलाई 3 के तत्वावधान में सर्वसमाज का सामाजिक सद्भाव बैठक भिलाई-तीन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील पटेल द्वारा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी समाज जनों के मध्य एकजुटता, राष्ट्रहित एवं समाज हित में सभी समाजों का आपसी समन्वय व सहयोग स्थापित करना था। कार्यक्रम में सभी समाज से आए लोगों ने बारी-बारी से अपने समाज में हो रहे बदलावों और उसमें किए जाने वाले आवश्यक सुधारो को बैठक में रखा। मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर अपने विचार अभिव्यक्त किये, साथ ही राष्ट्रहित में भी अपने विचारों को सभी समाजजनों के बीच में रखा। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में व्याप्त सभी प्रकार की कुरीतियों और बुराइयों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेने सभी समाजजनों से अनुरोध किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुनील पटेल ने ऐसे कार्यक्रमों को हर त्रैमासिक अंतराल में कराने की बातें कही। जिससे कि सभी समाजों के बीच आपसी भाईचारा और सद्भाव जमीनी स्तर पर कायम रहे और साथ ही हम एक सफल राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। श्री पटेल ने भविष्य में होने वाले ऐसे और कार्यक्रमों में और अधिक से अधिक समाज प्रमुखों को और युवाओं को जोड़ने का अनुरोध किया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कॉर्निया प्रत्यारोपण से लौटी 60 वर्षीय महिला की आंखों की रोशनी

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी निर्मला बाई यादव उम्र 60 वर्ष की बाई आंख की कार्निया का डॉ.



विकास मिश्रा की टीम ने निशुल्क ऑपरेशन कर कार्निया प्रत्यारोपण कर के निर्मला यादव की आंखों की रोशनी फिर से वापस दिलवाई, गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के संयोजक डॉ विकास मिश्रा अस्पताल प्रबंधन ने किसी तरह से निर्मला यादव के लिए योग्य कार्निया की व्यवस्था की और डॉ. विकास मिश्रा की टीम ने निशुल्क ऑपरेशन कर कार्निया प्रत्यारोपण कर के निर्मला यादव की आंखों की रोशनी फिर से वापस दिलवाई। जब इस संबंध में निर्मला यादव ने बताया कि आज से लगभग 5 वर्ष पहले सीड़ी से मैं गिर गई थी। जिसके कारण मेरी आंखों की रोशनी चली गई। कई जगह इलाज करवाया फिर भी रोशनी नहीं आ पाई। जब संजय बैंस ने नेत्र शिविर लगाया। वहां मैं डॉक्टर के पास गई थी। जिसके लिए गणेश विनायक अस्पताल के डॉक्टर और प्रबंधन के सहयोग से निर्मला यादव के आंखों में कार्निया का प्रत्यर्पण हुआ ,इनकी आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कुछ दिनों में वापस लौट आएगी,

### राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सम्पन्न

**डौंडीलोहारा।** संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा केंद्र पर पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। विकासखंड के मुख्य केंद्र के रूप में पंजीकृत कुल 478 परीक्षार्थियों में से प्रथम प्रश्नपत्र में 448 तथा द्वितीय प्रश्नपत्र में 447 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर के उप संचालक डॉ. बी. रघु का आगमन हुआ। उन्होंने परीक्षा संचालन एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए केंद्र की तैयारी को संतोषजनक बताया। परीक्षा केंद्राध्यक्ष के रूप में संस्था प्रमुख विरेंद्र कुमार भंडारी ने दायित्व निभाया। ऑब्जर्वर के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के प्राचार्य जितेंद्र कुमार उइके उपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी लवण कुमार साहू (बोर्ड परीक्षा प्रभारी) रहे, जबकि सहयोगी के रूप में हेमंत साहू, सौरभ शर्मा, दुकालूराम साहू एवं राकेश कोठारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर्यवेक्षक दल में एनुका शार्वा, कपिल पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी, भूपेंद्र पटेल, एस. वैदे एवं पी. कटेंद्र सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। परीक्षा संचालन समिति के अनुसार इस परीक्षा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकेंगे।

**सियासत :** ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच मनाई गई जीत की खुशी, नेताओं ने इसे जनविश्वास की जीत बताया

# भाजपा की जीत पर बालोद जिला कार्यालय में जश्न, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर बालोद जिला कार्यालय में जश्न के साथ कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह दिखा। पश्चिम बंगाल से देश के अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय के उपलक्ष में जिला कार्यालय वालों में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला जिला कार्यालय परिसर जयकारो, नारों नगाड़ों की धूल से गूंज उठा।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं लोक–कल्याणकारी नीतियों पर देश वासियों का अटूट विश्वास है, जो विधान सभा चुनाव के परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। चुनावी नतीजों पर जिलाध्यक्ष देशमुख ने कहा कि, पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का परिणाम है। जन–जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत–विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस ऐतिहासिक विजय हेतु बंगाल,असम और पुडुचेरी के सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन साहू ने कहा कि यह जीत देश की जनता के अटूट विश्वास, मजबूत नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है।

जिला महामंत्री राकेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह विजय प्रत्येक कार्यकर्ता के कठिन परिश्रम, समर्पण और संगठन की मजबूती का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यही उत्साह और ऊर्जा भविष्य में भी पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम के दौरान जिलामंत्री द्वय सुरेंद्र देशमुख एवं प्रेम साहू ने कहा कि भाजपा की यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, विकास और सुशासन की विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी प्रकार निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया ने पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक जीत पर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं समस्त नेतृत्व को कोटि–कोटि नमन, जिनके दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने असंभव को संभव किया। यह विजय बंगाल की सभी नारी शक्ति को समर्पित है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी का भरोसा किया। बंगाल के हर वीर कार्यकर्ता को दिल से नमन—आपकी मेहनत, आपका समर्पण और आपका जोश ही इस ऐतिहासिक विजय की असली ताकत है। यह विजय नए भारत के आत्मविश्वास, संगठन शक्ति और जन–जन के विश्वास का उद्घोष है। अंत में मंडल अध्यक्ष अरुण साहू एवं महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, महामंत्री सन्तानु साहू के आह्वान पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में भी इसी प्रकार शानदार सफलता हासिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता, महिला मोर्चा सदस्य एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिससे पूरे आयोजन में विशेष ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सिकोसा मंडल में जश्न, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**गुण्डरदेही।** पश्चिम बंगाल पंडुचेरी असम में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत पर सिकोसा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर खुशी मनाई है। भाजपा कार्यकर्ताओ ने ग्राम बेलौदी बस स्टैंड में आतिशबाजी और जनमानस को मिठाई खिलाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर एक दूसरे को गले लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा नेता व सभापति अश्वनी कटहरे ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है वहां कि देवतुल्य जनता ने मोदी के उपर विश्वास जताकर भाजपा को विजय श्री दिलाई है। इस अवसर पर आशीष साहू, हुलास साहू, छत्रपाल साहू, प्रेमसुख साहू, बिरेन्द्र साहू, नेतराम साहू, कमलनारायण साहू, यादराम साहू, राधे श्याम, रमेंद्र कुमार, सुनील साहू, संतरु साहू, दिलीप, कुमेश सेन, प्रमोद साहू, टामस साहू सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर रेंगाडबरी मंडल में भव्य जश्न, मिठाई-फल बांटकर जताई खुशी



**डौंडीलोहारा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक जीत की खुशी में वनांचल के रेंगाडबरी भाजपा मंडल में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जोशीले नारों के बीच जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं फल वितरित कर जीत की खुशी साझा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विजय देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक सीटों पर जीत, असम में पुनः सरकार बनना तथा पांडिचेरी में कमल खिलना भाजपा की विकासवादी सोच और राष्ट्रहित की राजनीति की बड़ी सफलता है। रेंगाडबरी मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र, पूनमचंद जैन महामंत्री, जयेश जैन, निरंजन पडौती, शेखर निषाद, महावीर साहू, अंकुश कुंजाम एवं आदेश साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि यह जीत समर्पित कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी ऊर्जा और जनसमर्थन के बल पर छत्तीसगढ़ में भी आगामी चुनावों में भाजपा ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी।

जश्न के दौरान "भारत माता की जय" और "नरेंद्र मोदी जिंदाबाद" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यकर्ताओं में जीत को लेकर खासा उत्साह देखा गया और देर तक खुशी का सिलसिला चलता रहा।

## ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा ने मनाया भव्य जश्न



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा नगर में उत्साह और उल्लास के साथ भव्य जश्न मनाया गया। अटल चौक पर बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और "झालमुरी" (भेल ) बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से माहौल गूंज उठा।

इस अवसर पर भाजपाइयों ने अटल चौक से एक विशाल विजय जुलूस निकाला, जो बाजार चौक होते हुए नए बस स्टैंड तक पहुंचा। वहां स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर केसरिया गमछा अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय अमर रहें के जयघोष के साथ वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जुलूस के बाद पुनः अटल चौक पहुंचकर आतिशबाजी की गई और आम नागरिकों को झालमुरी वितरित कर जीत की खुशियां साझा की गईं, जहां बड़ी संख्या में आमजन भी शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जनभागीदारी समिति एकलव्य महाविद्यालय अध्यक्ष जसराज शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री सुमेद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, मंत्री धर्मेंद्र निषाद, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष संदीप भंसाली, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टॉक, कमलेश जैन, लूणकरण भंसाली, प्यारेलाल निषाद, दिलीप बाफना, तुकाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक जनसमर्थन का परिणाम बताते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, स्कूटी सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग-अलग सड़क हादसों में चालक की मौत हो गई है। वहीं स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना खुर्सीपार और भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि ट्रक एमएच 40 बीएल 3922 आगे थी। उसके पीछे तेज रफ्तार में सीजी 06 एचबी 7779 का चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। इस दौरान खुर्सीपार सिग्नल के पास पीछे से ठोकर मारकर चालक शारदा पारा कैम्प 2 निवासी रोहित चौधरी ट्रक में फंसा रहा। पुलिस की मदद से उसे अस्पताल लेकर गए जहां ड़ॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मृतक के ट्रक में स्वयं अकेला चलाते हुए आ रहा था। घटना सुबह 6.15 बजे की है। बताया जा रहा है कि घटना के समय एक ट्रक आगे चल रहा था। ट्रक अचानक ब्रेक लगाया। पीछे से आ रहा ट्रक सीधे उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार था कि पीछे वाले ट्रक चालक की मौत हो गई। चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि आपस में दो ट्रक टकरा गए। इसके कारण सड़क हादसा हो गया। शव करो पीएम के लिए भेज दिया गया है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**खड़ी वाहन में स्कूटी सवार की टक्करः** भठ्ठी पुलिस ने बताया कि पावर हाउस सेक्टर की ओर निकलने वाले ओवर ब्रिज के पास खराब वाहन खड़ा था। इस दौरान सेक्टर 5 निवासी युवक अपनी स्कूटी से तेज रफ्तार से आ रहा था। अचानक खड़ी वाहन से टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। युवक अपने घर से सुबह 8 बजे से निकला था। परिजनों को हादसे की जानकारी शाम 7 बजे ह पाई। युवक को उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा है। जहां उपचार जारी है।

## जामगांव आर में प्रतिभावान विद्यार्थियों के अभिभावकों का सम्मान, संस्कारित शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बोर्ड कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा 2026 परिणाम आने के बाद सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर

- सरस्वती शिशु मंदिर में टॉप विद्यार्थियों के माता–पिता का हुआ सम्मान, शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा

डॉ हेडगेवार सदन में प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता पिता के सम्मान हेतु समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में कक्षा 12 वी, 10 वी, 8 वी एवं 5 वी के टॉप थ्री विधार्थियो के माता पिता शामिल हुए।भगवान राम का तैल चित्र एवं श्रीफल से बच्चो के हाथों माता पिता का सम्मान विद्यालय परिवार ने कराया। सम्मान समारोह में सामूहिक स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी प्रवेश जारी रहेगा। माता पिता ने बच्चों का तिलक कर सम्मान किए।



माता पिता की सजगता बच्चो के परिणाम में रंग भरती है

प्राचार्य पीएल बारले ने सम्मान समारोह में कहा कि माता पिता की सजगता पर ही गुरु का मेहनत बच्चो में प्रतिभा के रंग भरने में कामयाब होते है। बच्चे माता पिता का बात ना माने तो गुरु की बात मानने की सोचना बेमानी होती है।जो असफल विधार्थियो के परिणाम में साफ साफ झलकता है। उन्होंने कहा कि माता पिता की बातों को तवज्जो देने वाले विधार्थियो को गुरु जन मोटिवेट करने में सफल होते है।

### संस्कारित शिक्षा माता पिता और बच्चों के हित में

परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने सम्मान समारोह में कहा कि जिगर के टुकड़े को संस्कारित शिक्षा दिलाकर अपना और संतान का भविष्य संवारे। केवल धन कमाने की मशीन बनाने की भूल ना करे। संस्कार विहीन संतान धनवान होकर माता पिता को रुला सकते है रोटी कपड़ा मकान के लिए मोहताज कर सकते है। वृद्धा आश्रम पहुंचा सकते है।

**माता पिता का नियंत्रण हटते ही बच्चों का रिजल्ट प्रभावित होता हैः** सजग एवं उत्कृष्ट पालक धनराज साहू, रोहित साहू, प्रतिमा साहू, हथेश्वर साहू,गोपाल मार्कण्डेय ने समवेत स्वर में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर बच्चो को संस्कारित शिक्षा देने में 34 वर्षों से अहम भूमिका निभा रही है। जिसका लाभ सजग माता पिता के बच्चे भरपूर उठाए और उठा रहे है। विद्यालय के पूर्व विद्याथएँ डाक्टर इंजीनियर सीए, आमएँ सहित विभिन्न पदों पर आसीन होकर शासकीय अशासकीय स्तर पर देश की सेवा कर रहे है। माता पिता का नियंत्रण बच्चो से जब हटता है बच्चो का परिणाम गड़बड़ाने लगता है।

### ये बच्चे रहे कक्षा में प्रथम

विद्यालय में 12 वी लोमस सोनवानी 80 प्रतिशत, 10 वी नारायणी 86.5 प्रतिशत, 8 वी हुलेश साहू 76 प्रतिशत एवं 5 वी अर्णव धीवर 83 प्रतिशत प्रतिभा अंक के साथ कक्षा में प्रथम रहे।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन सट्टा ऐप से आईपीएल सट्टा में दांव लगाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से नगदी, मोबाइल

- पाटन पुलिस ने की कार्रवाई, सायलेंट 777 ऐप से अवैध सट्टा का कर रहे थे संचालन

जब्त किया गया है। पाटन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक पाटन में कुछ युवकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर अवैध रूप से रुपये का दांव लगाकर सट्टा संचालित कर रहे थे।

मौके पर पुलिस पहुंची और चारों युवको को पकड़ लिया। जिसमें सुभाष चौक पाटन निवासी करन देवांगन, शांति नगर भिलाई 3 उत्तम निषाद, ग्राम अटारी वार्ड 15 पाटन गोपाल निषाद, लोकेश उर्फ अरमान यादव शामिल है। युवकों द्वारा मोबाइल फोन जांच करने पर सायलेंट 777 ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलना, खिलाना पाया गया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि 15 दिन पूर्व एप का लिंक खरीदकर आईपीएल सट्टा संचालन करना स्वीकार किया। पुलिस ने धारा 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध जुर्म दर्ज किया। युवकों के पास से नगदी 10 हजार रुपये. चार मोबाइल 63 हजार रुपए का है। उक्त सामानों की कीमत कुल 73 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बानबरद स्थित शासकीय स्कूल के पास अवैध रूप से सट्टा संचालन चल रहा था। इस दौरान ग्राम कोड़िया नंदिनी नगर निवासी हमीद अली को पकड़ा गया है। युवक के पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी, डॉट पेन, मोबाइल फोन, नगदी रकम, बाइक जब्त किया। जिसकी कीमत 44 हजार 310 रुपये है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाठागांव आर में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन संपन्न

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत भाठागांव आर में सोमवार को सरपंच रूपेश्वर कुमार यादव उपसरपंच नीता बंजारे व ग्रामीणो की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना के लिए जगह चिन्हांकित कर पंचायत भवन के पास भूमिपूजन किया गया। सरपंच रूपेश्वर कुमार यादव ने बताया कि एक जन सहयोग से गांव मे छत्तीसगढ़ महतारी की मुर्ति स्थापना की जा रही है, जिसका भूमिपूजन गांव के वरिष्ठ नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणो की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर लेखराम साहू, संजय साहू, सलीम खान, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सभापति गुलशन साहू, मुरली मनोहर कोसरे, महेश साहू, जगनू राम साहू, गुरुदयाल सिंह ठाकुर, डॉ. प्रदीप साहू, रवि तिवारी, यश कुमार सेन, गोल्डी कत्लम, धनंजय साहू सहित समस्त पंच गण व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### गुण्डरदेही नपं में जनगणना कार्य शुरू



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में मंगलवार से जनगणना का कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के निवास स्थान पर जनगणना के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मियों को पूरी जानकारी सहजता के साथ दें और उनके साथ अच्छा व्यवहार करे उन्होंने कहा कि भीषण गमएँ के मौसम में ये कर्मचारी घर–घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। ऐसे में जब भी प्रगणक या सुपरवाइजर आपके घर आएं तो उन्हें ठंडा पानी या शर्बत देकर उनका उत्साह बढ़ाएं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे जनगणना दल के सदस्यों का सहयोग करें और उन्हें सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वे अपने परिवार की सही जानकारी दर्ज करवाएं।

### मोनिका साहू ने 10वीं में 94.3% अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा स्थान पाया



**गुण्डरदेही।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुण्डरदेही मे अध्यनरत भाठागांव आर की कुमारी मोनिका साहू पिता डूपेंद्र कुमार साहू ने कक्षा 10 वीं मे 94.33 प्रतिशत प्राप्त कर स्कुल मे दुसरा स्थान प्राप्त किया है, इनकी उपलब्धि पर उनके माता पिता, ग्रामीण जन व उनके शिक्षको ने हर्श व्यक्त किया।

## आयोजन : मौके पर समाधान, 501 में से 98 आवेदनों का त्वरित निराकरण

# सुशासन तिहार: जनसमस्या निवारण शिविर में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

सुशासन तिहार 2026 आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों ने प्रशासन की सक्रियता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा परिसर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों और शहरी नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई गई।

शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिला। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर गोदभराई की रस्म निभाई गई, वहीं कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई। किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन एवं स्वच्छता किट वितरित कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, श्रवण यंत्र एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

शिविर के दौरान मानवीय संवेदनशीलता का भी उदाहरण देखने को मिला, जब एक बीमार व्यक्ति की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश




दिए गए। यह पहल प्रशासन की जनसंवेदनशील कार्यशैली को दर्शाती है।

आंकड़ों के अनुसार,दल्लीराजहरा नगर पालिका शिविर में 501 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 98 आवेदनों का समाधान सुनिश्चित किया गया। यह आंकड़े प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी व्यवस्था को स्पष्ट करते हैं।

शिविर में जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान बाल विवाह रोकथाम और सामाजिक जागरूकता को लेकर शपथ भी दिलाई गई, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया।

प्रशासन ने महतारी वंदन योजना, आयुष्मान योजना और वय वंदन कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने की अपील की गई, ताकि शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

जल संरक्षण को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। तेजी से गिरते भूजल स्तर को देखते हुए लोगों को पानी की एक-एक बूंद बचाने, सोख्ता गड्ढा बनाने और वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल भविष्य की जल समस्या से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न विभागों से प्राप्त हजारों आवेदनों का त्वरित निराकरण कर प्रशासन ने भरोसे का माहौल बनाया। वहीं दल्लीराजहरा नगर के सभी 27 वार्डों के नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया।

सुशासन तिहार के इस प्रभावी आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब प्रशासन जनता के बीच पहुंचता है, तो समस्याओं का समाधान तेज, पारदर्शी और संतोषजनक होता है। दल्लीराजहरा में आयोजित यह शिविर जनसेवा, संवेदनशीलता और सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।

### नर्राटोला में आज जनसमस्या निवारण शिविर होगा त्वरित निराकरण

**बालोद/दल्लीराजहरा।** सुशासन तिहार 2026 के तहत जनसेवा और त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डौण्डी विकासखंड के ग्राम नर्राटोला में 06 मई 2026 को विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खेल मैदान नर्राटोला में आयोजित होगा, जहां क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान सीधे प्रशासनिक अमले से प्राप्त कर सकेंगे।इस बहुप्रतीक्षित शिविर में साल्हे, धोतिमटोला, चिखली, नर्राटोला, खैरवाही, आडेझर, कुमुडकट्टा, गुदुम, नलकसा, कोपेडेरा, मरकाटोला, कोटागांव, सल्हईटोला, कामता, अवारी, छिंदगांव और बम्हनी सहित आसपास के अनेक गांवों के लोग शामिल होंगे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो मौके पर ही शिकायतों का निराकरण कर हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। शिविर के सुचारु संचालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे व्यवस्थाएं व्यवस्थित और प्रभावी बनी रहें। साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार शिविर स्थल पर राजस्व पखवाड़ा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूमि संबंधी मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थल पर आम नागरिकों के लिए शीतल पेयजल, कूलर और छायादार व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को शिविर की जानकारी भी दी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें। सुशासन तिहार के इस आयोजन से न केवल समस्याओं के त्वरित समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास और संवाद की मजबूत कड़ी भी स्थापित होगी। यह शिविर ग्रामीणों के लिए राहत, भरोसे और विकास की नई उम्मीद लेकर आ रहा है।




### सरपंच की पहल : दिव्यांग दंपत्ति को मिली बैटरी चालित ट्राइसाइकिल

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू की पहल से मेडकी निवासी दिव्यांग दंपत्ति को बड़ी राहत मिली है। सरपंच मंजूलता साहू द्वारा समाज कल्याण विभाग, बालोद को दिए गए आवेदन के बाद सुरेश कुमार साहू और उनकी पत्नी द्रोपती साहू को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। आवेदन में बताया गया था कि दोनों पति–पत्नी दिव्यांग होने के कारण दैनिक आवागमन में काफी कठिनाई झेल रहे थे। विभाग ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। अब ट्राइसाइकिल मिलने से दंपत्ति को आने–जाने में सहूलियत होगी और वे अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकेंगे। स्थानीय लोगों ने इसे मानवीय संवेदनशीलता का अच्छा उदाहरण बताते हुए सराहना की। सुशासन त्यौहार, ग्राम खपरी में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी इसी दौरान ग्राम खपरी में आयोजित सुशासन त्यौहार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, सीईओ सुनील कुमार चंद्रवंशी, समाज कल्याण विभाग के संचालक अजय कुमार, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, भाजपा नेता प्रेम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णा साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, जनपद सदस्य और क्षेत्र के कई सरपंच उपस्थित रहे।

## गुण्डरदेही में गौ सेवकों की पहल बीमार गौवंशों को मिल रहा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

■ घायल और उपेक्षित पशुओं का उपचार कर पेश की मानवता और सेवा की मिसाल



मानवता और सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जहां गुण्डरदेही क्षेत्र में गौ सेवकों द्वारा बीमार और उपेक्षित गौवंशों का इलाज कर उन्हें नया जीवन दिया जा रहा है। क्षेत्र में कई स्थानों पर घायल, बीमार और कमजोर हालत में घूम रहे गौवंशों को देखकर स्थानीय गौ सेवकों ने पहल की और उनके उपचार की जिम्मेदारी उठाई।

गौ सेवकों की टीम नियमित रूप से ऐसे गौवंशों की पहचान कर रही है, जो बीमारी, कुपोषण या दुर्घटनाओं के कारण पीड़ित हैं। इन पशुओं को प्राथमिक उपचार देने के साथ–साथ आवश्यक दवाइयाँ और पोषण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय पशु चिकित्सकों का भी सहयोग मिल रहा है, जिससे गंभीर रूप से बीमार गौवंशों का बेहतर इलाज संभव हो पा रहा है। गौ सेवकों का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल गौ सेवा ही नहीं, बल्कि समाज में पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणा हैं और इससे मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा मिलता है। कई लोग अब स्वेच्छा से इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं, चाहे वह चारा उपलब्ध कराना हो या आर्थिक सहायता देना। गौ सेवकों की इस निःस्वार्थ सेवा से गुण्डरदेही क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश फैल रहा है कि पशु भी हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी देखभाल हमारी जिम्मेदारी है।

## दल्ली राजहरा में आयुष का असर: सुशासन तिहार में 56 लोगों को मिला नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा में आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर ने जनसेवा की एक प्रभावशाली मिसाल पेश की। नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित इस शिविर में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पूरे आयोजन का माहौल सेवा, जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा।

शिविर के दौरान आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. नरेन्द्र कुमार ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को विभाग की गतिविधियों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में आयुर्वेद



के 45, होम्योपैथी के 4 औषधालय, एक स्पा थेरेपी सेंटर तथा चिखलाकसा में 30 शैय्या युक्त आयुर्वेद चिकित्सालय संचालित हैं, जहां निःशुल्क उपचार और औषधि वितरण की सुविधा उपलब्ध है। राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्विद्या, वयोमित्र, कारुण्य, एनसीडी क्लीनिक, एनपीसीडीएस, ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल रोग प्रबंधन, मोबाइल मेडिकल यूनिट और सियान जतन क्लीनिक जैसी योजनाएं जिले में प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं। इसके साथ ही 23 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के साथ योग अभ्यास भी कराया जा रहा है, जो लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित कर रहा है। शिविर का मुख्य आकर्षण रहा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जिसमें 56 लोगों का जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों और शहरवासियों ने इस पहल का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्राप्त किया।

यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना, बल्कि आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता नजर आया। पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। सुशासन तिहार के इस प्रयास ने यह साबित कर दिया कि जब स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचती हैं, तब समाज सशक्त और जागरूक बनता है।

### होटल में शराब संचालक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि ग्राम सिलोदा निवासी दिलीप सिंह द्वारा अपने होटल सिलोदा रसमड़ा में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। इसे लेकर मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी। घेरबंदी कर उसे पकड़ा गया। होटल चेक करने पर आरोपी के पास से देशी मसाला शराब 32 पौवा, नगदी रकम, मोबाइल,बिक्री राशि जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## धूमधाम से परंपरा का किया निर्वाहन

# रेंगाडबरी में पुतला-पुतली का विवाह, बुजुर्गों का सराहनीय योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम रेंगाडबरी के आमा पारा में दो दिवसीय पारंपरिक पुतला-पुतली विवाह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। 4 एवं 5 मई 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सूखा व अकाल से बचाव तथा अच्छी वर्षा की कामना को लेकर वर्षों पुरानी परंपरा को पूरे उत्साह के साथ निभाया।

कार्यक्रम की शुरुआत 4 मई की रात आमा पारा से हुई, जहां से बाजे-गाजे के साथ बारात बाजार चौक के लिए रवाना हुई। बारात में युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान आयोजित मयान नाच में एक-दूसरे को हल्दी लगाकर खुशियां मनाई गईं। महिलाएं और बच्चे भी नाच-गाने में



बढ़-चढ़कर शामिल हुए। 5 मई को बाजार चौक में बारात का भव्य स्वागत किया गया। यहां समधिन भेंट की रस्म अदा की गई, जिसके बाद पुतला-पुतली का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न कराया गया। विवाह की सभी रस्में गांव के बुजुर्गों एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निभाई गईं। ग्रामीणों का मानना है कि इस आयोजन से इंद्र देव प्रसन्न होते हैं और क्षेत्र में अच्छी वर्षा होती है।

रात्रि में टिकावन कार्यक्रम के पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे मोहल्ले के लोगों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अनुसार, गांव में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष बारिश की कामना के साथ इस तरह का आयोजन किया जाता है।

इस आयोजन को सफल बनाने में गांव के युवा, महिलाएं एवं बुजुर्गों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन समिति में नरेंद्र देशमुख, रघुनाथ निषाद, रामलाल यादव, पप्पू देशमुख, गोपी देशमुख, शिवम गुप्ता, विक्की निर्मलकर, सियाराम निषाद, गोलू यादव, ज्ञानेश्वर यादव सहित समस्त मोहल्लावासियों का सहयोग रहा। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि इस परंपरा के माध्यम से गांव में एकता और उत्साह का माहौल बनता है।

